## एक नजर

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन अब 22 को

**अजमेर. कासं।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 22 मार्च को किया जाएगा। राजस्व मंडल में लोक अदालत के तहत आपसी समझाइश योग्य राजस्व प्रकरणों का निस्तारण करने को लेकर राजस्व मंडल स्तर पर बैंच का गठन किया गया है। अतिरिक्त निबंधक (न्याय) हेमन्त स्वरूप माथुर ने बताया कि लोक अदालत के लिए राजस्व मंडल स्तर से सदस्य राजेश कुमार दडिया (न्यायिक अधिकारी) व सदस्य मदनलाल नेहरा की बैंच का गठन किया गया है। राजस्व मंडल अजमेर में 22 मार्च को प्रातः 10:30 बजे दीप प्रज्ज्वलन कर लोक अदालत का शुभारम्भ किया ज्जाएग, जिसमें पक्षकारों के मध्य आम सहमति व समझाइश के आधार पर अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर द्वारा जारी निर्देशों की पालना में राजस्व मंडल में सेवानिवृत्त आरएएस अधिकारी सुरेश कुमार सिन्धी के स्तर से मार्गदर्शक के रूप में पक्षकारों के साथ समझाइश व काउन्सलिंग का कार्य किया गया। बड़ी संख्या में प्रकरणों की निस्तारण के प्रयास किये जा रहे हैं।

### चेटीचंड पखवाडा महोत्सव की प्रचार सामग्री का विमोचन

**अजमेर. कासं।** पूज्य झूलेलाल जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में ग्यारवां 17 दिवसीय चेटीचंड पखवाड़ा महोत्सव के धार्मिक आयोजन की प्रचार सामग्री का बुधवार को जतोई दरबार नगीना बाग में आराध्यदेव झूलेलाल मूर्ति के समक्ष प्रचार सामग्री का विमोचन स्वामी दंदूराम दरबार साहिब ट्रस्ट के सेवादार भाई फतनदास ने पूजा अर्चना कर किया। अध्यक्ष कवंल प्रकाश किशनानी ने बताया कि 11वें पखवाडा महोत्सव में शहर की सभी पंचायतों, सामाजिक संगठनों, सिन्धी विद्यालयों, व्यापारिक व धार्मिक संगठनों के सहयोग से शुक्रवार 21 मार्च से 6 अप्रैल तक 39 संस्थाएं मिलकर 51 विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेंगी। महामंत्री महेन्द्र कुमार तीर्थाणी ने बताया कि बुधवार को भगवान गणेशजी की पूजा अर्चना करने के पश्चात आराध्यदेव झूलेलाल की विशाल मूर्ति के समक्ष पूजन अर्चना की गई।

### सीनियर सिटिजन सोसायटी का होली स्नेह मिलन महोत्सव 23 को

**अजमेर. कासं।** शास्त्री नगर सीनियर सिटिजन सोसायटी ग्रुप चार की मासिक बैठक व होली स्नेह मिलन समारोह 23 मार्च को आयोजित किया जाएगा। मीडिया प्रभारी डॉ. एसडी मिश्रा ने बताया कि सीनियर सिटीजन सोसायटी ग्रुप चार का होली स्नेह मिलन समारोह व फाग महोत्सव का आयोजन पार्क संख्या 2 सामुदायिक भवन में सायं 5 बजे से रखा है, जिसमें वरिष्ठजन करेंगे, धमाल खेलेंगे फूलों की होली मनाएंगे। फाग महोत्सव का आनन्द लेंगे। डॉ. मिश्रा ने बताया कि सचिव सुभाष दत्त शर्मा के नेतृत्व में लगातार नए नवाचार किए जा रहे है। सचिव शर्मा एवं सहसचिव अशोक जोशी ने व्यवस्था संभाली है।

# वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट और खनन प्रबंधन में ड्रोन तकनीक का उपयोग माइंनिंग सेक्टर के लिए लाभकारी

**तकनीक के उपयोग से लीजधारकों के लिए होगा काम आसानः प्रमुख शासन सचिव, माइन्स**

**सरलीकृत और पारदर्शी एसओपी होगी जारी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व्यवस्था के सरलीकरण और प्रक्रियाओं को आसान बनाने के पक्षधर**

**जयपुर. कंचन केसरी**



माइनिंग सेक्टर में वोल्यूमेट्रिक आकलन और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीकों के उपयोग पर बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राज्य सरकार, तकनीकी विशेषज्ञों और माइनिंग लीजधारकों के प्रतिनिधियों के बीच सीधा संवाद कायम किया गया। प्रमुख शासन सचिव माइन्स टी. रविकान्त ने कहा कि तकनीक और नई व्यवस्था को आत्मसात करने में शुरूआत में भ्रान्तियां और जिज्ञासाएं होती है और उसी को समझने और दूर करने के लिए सरकार द्वारा यह साझा मंच उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीक का उपयोग सरकार और लीजधारक दोनों के लिए लाभकारी होने के साथ ही काम को आसान करने का माध्यम है। विचार विमर्श में आये सुझावों का गुणावगुण के आधार पर अध्ययन कर एसओपी जारी की जाएगी। टी. रविकान्त ने कहा कि शुरूआत में नई व्यवस्था में हमें खामियां या भ्रांतियां ही दिखाई देती है जिनका आपसी विचार मंथन से निराकरण और समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में माइनिंग सेक्टर में व्यवस्था के सरलीकरण और प्रक्रियाओं को आसान करने का सिलसिला लगातार जारी है। देखा जाए तो यह एक तरह से नेशन बिल्डिंग प्रोसेस का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में माइनिंग सेक्टर में हमें और सुधार व सरलीकरण देखने को मिलेगा। ड्रोन कंपनियों और विशेषज्ञों को बुलाने का कारण भी यही है कि वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट और ड्रोन के उपयोग के संबंध में समझा जा सके और लीजधारक तकनीक के उपयोग से और अधिक आसानी से काम कर सकें। उन्होंने कहा कि हमें समझना होगा कि तकनीक हमारे काम को आसान करने के लिए है और उसमें समयानुकूल बदलाव होता रहता है। एमडी आरएसएमएम भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट और ड्रोन सर्वे से आने वाले समय में माइनिंग सेक्टर को लाभ मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि अच्छे बदलाव के लिए हमें तैयार रहना चाहिए। निदेशक माइंस दीपक तंवर ने कहा कि खनिज लीज धारकों द्वारा वार्षिक रिटर्न के साथ प्रस्तुत करना होगा और एक बार शुरू करने के बाद आगे के लिए लीजधारकों को भी सुविधाजनक हो जाएगा। तंवर ने बताया कि विभाग द्वारा जारी होने वाली एसओपी स्पष्ट, पारदर्शी और सरलीकृत होगी। लीज धारकों से सीधे संवाद में राजस्थान अप्रधान खनिज रियायती नियमों में ड्रोन सर्वे प्रावधानों की जानकारी देने के साथ ही आइडिया फोर्ज द्वारा खनन में ड्रोन सर्वे का अनुप्रयोग, गरुड सर्वे द्वारा ड्रोन सर्वे के माध्यम से खनन में उत्खनन का वोल्यूमेट्रिक आकलन, एमपीआरएसएस माइनिंग सोल्यूशन द्वारा खदानों में ड्रोन का अनुप्रयोग, वीएस सेफ्टी द्वारा खदानों के लिए सेवा के रुप में ड्रोन और एपीएसएल साल्यूशन द्वारा उत्खनन में ड्रोन सर्वे तकनीक और स्फेयर द्वारा डीजीसीए द्वारा ड्रोन सर्वे लाइसेंस के दिशा-निर्देश और प्रक्रिया की पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई। खनन प्रतिनिधियों ने सरकार के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि जब कोई नई व्यवस्था आती है तो घबराहट और आशंकाएं भी उसके साथ आती है। सरकार ने उन्हें दूर करने की अच्छी व सकारात्मक पहल की है। लीजधारक प्रतिनिधियों ने लीज क्षेत्र और उसके पास के 100 मीटर क्षेत्र का ड्रोन/एरियल सर्वे, माइनिंग प्लान, सर्वे की एक्यूरेसी, पूर्व में अन्य आवंटित खननधारकों द्वारा खनन कार्य के अब आकलन होने से पड़ने वाले प्रभाव, खान में पानी भरा होने पर आकलन की समस्या व लीज की सीमा निर्धारण को लेकर चले आ रहे विवाद सहित आशंकाएं व्यक्त की। इसके साथ ही एक अप्रेल से नई व्यवस्था की समय सीमा बढ़ाने का भी आग्रह किया।

## दिगंबर जैन महासमिति मनाएगी स्वर्ण जयंती वर्ष राष्ट्रीय सभा में बने नवाचार के प्रस्ताव

**अजमेर. कासं।** दिगंबर जैन समाज की सर्वोच्च संस्था दिगंबर जैन महासमिति इस वर्ष अपना स्वर्ण जयंती वर्ष मना रही है। इस अवसर को भव्य बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय पदाधिकारी सभा आयोजित की गई, जिसमें देशभर से आए पदाधिकारियों ने भाग लिया। महासमिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश जैन ने बताया कि इस सभा में संपूर्ण भारत के विभिन्न अंचलों से आए पदाधिकारियों ने स्वर्ण जयंती वर्ष के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत योजना पर चर्चा की। इस दौरान समाज को और अधिक मजबूत करने एवं नवाचार के माध्यम से महासमिति से अधिक से अधिक सदस्यों को जोडने पर जोर दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक जैन बडजात्य ने कहा कि महासमिति के लगभग 70 हजार सदस्य इस वर्ष स्वर्ण जयंती को हर्षोल्लास से मनाएंगे। इस अवसर पर सामाजिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। सभा की शुरूआत मंगलाचरण से हुई, जिसके बाद राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र पांडे ने पिछली सभा का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## पैसों के लेनदेन पर पेपर कटर से जानलेवा हमला

### ज्वैलर व बचाव में आया पडोसी दुकानदार जख्मी

**अजमेर. कासं**

कोतवाली थाना क्षेत्र के नया बाजार में बुधवार को दिन दहाड़े एक युवक ने ज्वैलर पर पेपर कटर से हमला कर दिया। हमले में दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान पड़ोस में गन्ने का जूस बेचने वाला एक युवक बीच बचाव करने आया, तो हमलावर ने उस पर भी हमला कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को जेएलएन अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार पैसों के लेन देन को लेकर विवाद के चलते यह हमला किया। कोतवाली थाना प्रभारी दिनेश चौधरी ने बताया कि नया बाजार में मुकेश गोयल की ज्वैलरी की दुकान है। बुधवार को उदयपुर निवासी दिनेश जैन अपनी पत्नी के साथ आया। किसी बात को लेकर ज्वेलर से कहासुनी हो गई। विवाद बढने पर दिनेश ने अचानक पेपर कटर निकालकर मुकेश पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। अचानक हुए हमले के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ज्वैलर की दुकान के पास गन्ने का जूस बेचने वाला नीलू बीच बचाव करने के लिए वहां आया, लेकिन हमलावर ने उस पर भी पेपर कटर से हमला कर दिया। इस हमले में नीलू गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

## भारतीय किसान संघ के संभाग का अभ्यास वर्ग 10-11 अप्रैल को

### संगठन की रीति-नीति की दी जाएगी जानकारी

**जयपुर. कंचन केसरी।** भारतीय किसान संघ, जयपुर संभाग की बैठक बुधवार को प्रदेश कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में संभाग के होने वाले अभ्यास वर्ग पर चर्चा कर वर्ग 10-11 अप्रैल को करने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्य की रूपरेखा तय करते हुए जिला प्रभारियों की घोषणा की गई।




प्रांत महामंत्री डॉ.सांवरमल सोलेट ने कहा कि 10-11 अप्रेल को जयपुर संभाग का अभ्यास वर्ग होगा। वर्ग में संभाग कार्यकारिणी सदस्यों के साथ सभी जिलों की कार्यकारिणी अपेक्षित रहेगी। आयोजित होने वाले वर्ग में किसान संघ की कार्य पद्धति से अवगत कराया जाएगा। प्रांत सह प्रचार प्रमुख डॉ. लोकेश कुमार चन्देल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संभाग अध्यक्ष पोखरलाल जाट ने जिला प्रभारियो की घोषणा की जिसमें अलवर-विनोद कालवानिया पालावाला, जयपुर-शैतान व रामेश्वर, जयपुर महानगर-मनीषा व सीताराम सैनी, दूदू-ज्ञान प्रकाश व सीताराम बाँगड़ा, टोंक-पोखर चौधरी, दौसा-धनपाल, खैरथल -भूतेश, कोटपूतली-हनुमान व जगदीश को जिला प्रभारी का दायित्व दिया गया है।

**विधायक कोठारी ने कहा**

## युवा पीढ़ी की ऑनलाइन गेमिंग एप्प एवं सट्टे की तरफ बढ़ती सहभागिता

### युवा पीढ़ी को बचाने के संबंध में सदन में उठाया मुद्दा

**भीलवाड़ा. कासं।** शहर विधायक अशोक कोठारी ने विधानसभा में विशेष उल्लेख प्रस्ताव पर बोलते हुए युवा पीढ़ी की ऑनलाइन गेमिंग एप्प एवं सट्टे की तरफ बढ़ती सहभागिता की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी जल्दी अमीर बनने के लिए ऑनलाइन गेमिंग एप्प एवं सट्टे की तरफ आकर्षित हो रही है, जिसके साथ ही वह सूदखोरों के जाल में भी फंसती जा रही है और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर भी अपनी कमाई के लालच में ऐसे गेम को प्रमोट और प्रचलित करते है, जिससे भी युवा पीढ़ी में ऑनलाइन गेमिंग का क्रेज बढ़ा है। कई बार तो युवा जिस पर अपने परिवार, समाज और देश की जिम्मेदारी है वो इस मकडजाल में फंसकर अपनी जीवन लीला तक समाप्त कर लेते है, ऐसा होने पर उसके घर-परिवार के सदस्यों पर क्या बीतती है, यह हम सबके लिए चिंतन का विषय है और सरकार को इस पर सख्त कानून बनाकर युवा पीढ़ी को बचाना चाहिए और साथ ही जिला स्तर पर साइबर क्राइम की स्पेशल टीम का गठन करे जो ऐसे सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर जो ऑनलाइन सट्टे गेमिंग का प्रमोशन करते है उन पर नजर रखकर दंडात्मक कार्यवाही करें।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित



**अजमेर. कंचन केसरी**

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन जिला कलेक्टर अजमेर प्रथम की अध्यक्षता में जवाहर लाल नेहरू आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में बुधवार को किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिला स्तरीय सम्मान समारोह में प्रथम स्थान के लिए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहाड़ गंज, द्वितीय स्थान के लिए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर कृष्णापुरी किशनगंज तथा तृतीय स्थान के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर हटूण्डी अजमेर को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टों प्रदान कर सम्मानित किया गया। समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि हाई रिस्क डिलेवरी महिलाओं को प्रसव के लिए माँ वाउचर जारी कर परिवहन सुविधा प्रदान करवाते हुए ज्यादा से ज्यादा गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित करे। इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा काम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। केपीआई के तहत चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समस्त मापदण्ड अनुसार प्रतिमाह मूल्यांकन किया जाए एवं जिले की प्रगति में सुधार करें। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों को टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलवाई गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ज्योत्स्ना रंगा द्वारा जिले के समस्त बीसीएमओ तथा चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे एनक्यूआस में उप स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर पीएचसी एवं सीएचसी की सुविधाओं में गुणात्मक सुधार करें। ज्यादा से ज्यादा संस्थानों को राज्य स्तर से मान्यता के लिए तैयार करवाए।

## खाद्य सुरक्षा योजना में वंचितों को जोड़ने के लिए गिव अप अभियान जारी

### सक्षम परिवार खुद हटवाएं अपना नाम

**खैरथल. कासं।** मुख्यमंत्री भजनलाल ने यह सुनिश्चित करने के लिए गिव अप अभियान की शुरूआत की है कि केवल जरूरतमंद परिवार ही इस योजना का लाभ उठाएं। जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना के तहत जिले में कुल 1,42,361 परिवार लाभान्वित हो रहे हैं, जिससे 6,44,858 लोग योजना का लाभ ले रहे हैं। राज्य के खाद्य मंत्री सुमित गोदारा के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उन परिवारों को योजना से बाहर करना है जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं, ताकि असली जरूरतमंदों को योजना का लाभ मिल सके। सरकार ने कुछ मानदंड तय किए हैं, जिनके आधार पर लोग अपना नाम योजना से हटा सकते हैं-यदि परिवार में कोई आयकर दाता है अथवा परिवार की वार्षिक आय एक लाख से अधिक है अथवा यदि परिवार के पास निजी चौपहिया वाहन है। उन्होंने बताया कि इच्छुक उपभोक्ता अपने राशन डीलर के पास उपलब्ध गिव अप फार्म भर सकते हैं या सादे कागज पर आवेदन देकर भी नाम हटवाया जा सकता है।

## एमडीएस विवि का दीक्षांत समारोह 29 को

### 40 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल व 60 शोधार्थियों को शोध उपाधि

**अजमेर. कंचन केसरी**

महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह 29 मार्च को विश्वविद्यालय के परिसर के सत्यार्थ सभागार में आयोजित होगा। समारोह में 40 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल और 60 शोधार्थियों को शोध उपाधि प्रदान की जाएगी। समारोह की तैयारियों को लेकर 28 मार्च को फाइनल रिहर्सल होगी। एमडीएस विश्वविद्यालय का 12वीं दीक्षांत समारोह 29 मार्च को आयोजित होगा। स्वर्ण पदक की सूची में शामिल जो विद्यार्थी पूर्वाभ्यास के लिए 28 मार्च को बाहर से अजमेर आएंगे, उन्हें विश्वविद्यालय के अपाला शोध छात्रावास में ठहराया जाएगा। इन्हें निर्धारित पोशाक में उपस्थित होना है। 28 मार्च को दोपहर तीन बजे फाइनल रिहर्सल होगी। 12वां दीक्षांत समारोह 29 मार्च को सत्यार्थ सभागार में आयोजित होगा। दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए प्रबन्ध बोर्ड, विद्या परिषद के सदस्यों, विभिन्न संकायों के संकाय अध्यक्षों, शिक्षक, अधिकारी तथा पीएचडी उपाधि धारकों व विभिन्न परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को दीक्षांत समारोह के समय उपस्थित होने के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है।

### समारोह को आना होगा निर्धारित ड्रेस में

विश्वविद्यालय प्रशसन द्वारा समारोह को लेकर छात्रों को सफेद कमीज, सफेद पेंट, सफेद जैकेट या सफेद कुर्ता, पायजामा या सफेद कुर्ता, धोती तथा काले जूते पहनकर उपस्थित होना होगा। छात्राओं को लाल किनारी की सफेद साड़ी और सफेद ब्लाउज या सफेद पायजामा, कुर्ता, सफेद सलवार, सफेद चुन्नी एवं काले जूते, स्लीपर पहनकर उपस्थित होना होगा। इन विद्यार्थियों को सीनियर सैकंडरी, स्नातक व स्नातकोत्तर परीक्षाओं की मूल अंक तालिकाएं सत्यापन के लिए साथ लानी होंगी। मूल दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही शोध उपाधि तथा स्वर्ण पदक दिया जाएगा। प्रमाण पत्र व बैज 28 मार्च को दिए जाएंगे।

## नाबालिग बालिका के अपहरण और दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

### पिता के फोन से सोशल मीडिया के जरिए हुई थी पहचान

**अजमेर. कासं**



अजमेर जिले के पुष्कर थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म और अपरहण के मामले में पुलिस कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के चंगुल से नाबालिग का दस्तयाब कर उसका जेएलएन अस्पातल में मेडिकल करवाया है। पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ में जुटी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दीपक कुमार ने बताया कि परिवादी ने 17 मार्च को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। दर्ज रिपोर्ट में उसने बताया कि 16 मार्च को शाम 4 बजे मेरी लडकी बिना बताए घर से चली गई है। आस-पास उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण संख्या 68/2025 धारा 137 (2), 127 (2) भारतीय न्याय संहिता में दर्ज कर जांच शुरू की। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने नाबालिग को दस्तयाब कर महिला नोडल अधिकारी के समक्ष बयान दर्ज करवाए गए। दर्ज बयानों में पीड़िता ने बताया कि आरोपी युवक उसे बहला फुसलाकर ले गए और उसके साथ दुराचार किया। इसके बाद पुलिस ने जेएलएन अस्पताल में मेडिकल करवाया।

**जना स्मॉल फाइनैंस बैंक**
(एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालय: दि फेयरवे, भू तल एवं प्रथम तल, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलूर, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क से सटा, चाल्लाघट्टा, बेंगलुरू-560071 शाखा कार्यालय: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

**ई-नीलामी सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रवर्तन अधिनियम (सरफासी ऐक्ट), 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के परंतुक के तहत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी ने **जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। एतद्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदारों को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित खाते में बंधक सम्पत्ति की **''जैसी है जहां है आधार''** तथा **''जो है जैसी है आधार''** पर ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) यहां नीचे निर्धारित तिथि को की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या | मूल कर्जदार/सह- कर्जदार /गारंटर का नाम | 13-2 सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि | वर्तमान बकाया राशि 18-03-2025 तक | सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | सुरक्षित मूल्य भारतीय रूपए में | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) भारतीय रूपए में | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | बोली प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि, समय और स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 45919630000481 | 1) श्री जीतेन्द्र पुत्र कल्याणराम (कर्जदार), 2) श्री कल्याणराम पुत्र श्री भंवर लाल (सह-कर्जदार/बंधककर्ता), 3) श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री जितेन्द्र (सह-कर्जदार), 4) श्रीमती गुटी, पत्नी श्री कल्याणराम (सह-कर्जदार) | 11-08-2024 | 08-11-2024 | रुपए 51,72,122.81/- (रुपए इक्यावन लाख बहत्तर हजार एक सौ बाईस व इक्यासी पैसे मात्र) | 15.04.2025 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 05:00 बजे तक | रुपए 47,37,600/- (रुपए सैंतालीस लाख सैंतीस हजार छः सौ मात्र) | रुपए 4,73,760/- (रुपए चार लाख तेहत्तर हजार सात सौ साठ मात्र) | 29.04.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे | 28-04-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पताः जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 |

सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण: समस्त अंश व खंडः अचल संपत्ति प्लॉट परिमाप क्षेत्रफल 1470 वर्ग फीट अर्थात 163.33 वर्ग गज स्थित खसरा नंबर 1333, कस्बा पीपाड़ सिटी, जोधपुर, राजस्थान-342601, **श्री कल्याणराम पुत्र श्री भंवर लाल द्वारा स्वाधिकृत।** **सीमाबद्ध:** उत्तरः सार्वजनिक सड़क और सत्यनारायण का प्लॉट, दक्षिणः उसी खसरे की भूमि, **पूरब:** छोगाराम का जाव, **पश्चिम:** प्लॉट का दूसरा निकास द्वार और रास्ता।

सम्पत्तियां **''जैसी है जहां है आधार''** तथा **''जो है जैसी है आधार''** पर ई-नीलामी 'ऑनलाइन'' संचालित की जाएगी। नीलामी का संचालन बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** द्वारा वेबपोर्टल **https://bankauctions.in & www.foreclosureindia.com** पर किया जाएगा। अधिक जानकारी, सहायता, ई-नीलामी प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण, के लिए संभावित बोलीदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** से सम्पर्क कर सकते हैं; **सम्पर्क श्री उत्कर्ष अदेश, सम्पर्क नंबर:** 9515160064 ई-मेल आईडीः **info@bankauctions.in / adesh@bankauctions.in**

ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए नियमों एवं शर्तों के अतिरिक्त विवरण के लिए तथा सम्पत्ति के संबंध में पूछताछ के लिए कृपया **जना स्माल फाइनैंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें श्री अनुराग शुक्ला (मो. 8090655550), श्री रंजन नाइक (मो. 6362951653)**, प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार सम्पत्तियों पर कोई ऋणभार नहीं है। तथापि इच्छुक बोलीदाता को अपनी बोली देने से पहले सम्पत्ति पर ऋणभारों तथा स्वामित्व के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच स्वयं कर लेनी चाहिए। सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। यह सूचना उपरोक्त नामक कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं को बंधक सम्पत्तियों हेतु अनुसूचित ई-नीलामी के बारे में नोटिस भी है। कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं को एतद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज तथा अनुषंगी खर्चों के साथ नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति बेच दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज एवं लागत के साथ वसूल की जाएगी।

**तिथि: 20-03-2025 स्थानः राजस्थान** **हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड**